मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2019–20/1226 भोपाल दिनांक 06 सितम्बर 2019

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
आष्टा जिला सीहोर (म0प्र0)।

विषयः–कृषक के मण्डी में प्रवेश से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया ई–अनुज्ञा पोर्टल में जोड़े जाने संबंधी।

–0–

दिनांक 31 जुलाई 2019 को प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा ई–अनुज्ञा पॉवर पाईंट प्रस्तुति में दिये गये निर्देशानुसार (बिन्दु क्रमांक 7.) ''कृषक के मण्डी में प्रवेश से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया जैसे प्रवेश, अनुबंध, तौल एवं भुगतान पत्रक को ई–अनुज्ञा पोर्टल पर जोड़ा जाये जिससे की इंद्राज के दोहरीकरण से बचा जा सके'' के निर्देश दिये हैं''।

उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, राज्य इकाई भोपाल से मण्डी बोर्ड मुख्यालय में सम्पन्न बैठक में उनके द्वारा ई–मण्डी अंतर्गत Mobile App/Web application का विकास करने की जानकारी दी गई एवं मण्डी के सजीव वातावरण में प्रयोगिक रुप से इसकी कार्य क्षमता की जांच यथा ''पायलट टेस्टिंग'' की कार्यवाही कृषि उपज मण्डी समिति आष्टा जिला सीहोर में किये जाने की सहमति दी गई है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त प्रक्रिया के ''पायलट टेस्टिंग'' का संचालन आरम्भ कराने हेतु श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, विंध्याचल भवन भोपाल से चर्चा कर आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण कर रखें। साथ ही इस कार्य में सहयोग के लिये मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल से श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर, श्री मनोज सबरवाल, सहायक उप निरीक्षक एवं ई–अनुज्ञा टीम सदस्य उपस्थित रहेगें।

उपरोक्त प्रक्रिया के संचालन के लिये आपके मोबाईल फोन पर आवश्यक "Mobile App Link" एवं Login Id एवं Password उपलब्ध कराया जावेगा जिसकी मदद से वे अपनी मण्डी की दैनिक जानकारी Mobile App में निर्धारित format में दर्ज कर सकेंगे। यह ''पायलट टेस्टिंग'' प्रक्रिया दिनांक 09/09/2019 से आरम्भ होकर दिनांक 25/09/2019 तक प्रतिदिन चलेगी, जिसमें Mobile App की कार्यक्षमता की जांच की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी एवं ज्ञात योग्य बिन्दुओं पर सचिव, मण्डी

Sandeep

समिति आष्टा जिला सीहोर के द्वारा अपना फीडबैक यथा अनुशंसायें तैयार कर प्रतिवेदन दिनांक 28/09/2019 के पूर्व श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर, मण्डी बोर्ड भोपाल को उपलब्ध कराई जावेगी ताकि विचार विमर्श कर आगामी कार्यवाही पर निर्णय लिया जावेगा।

(अशोक कुमार वर्मा)
प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2019–20/1227 भोपाल दिनांक 06 सितम्बर 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(1) उप संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय, भोपाल संभाग भोपाल।

(2) श्री ए0एन0सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल :– कृपया कृषि उपज मण्डी समिति आष्टा जिला सीहोर में निर्धारित तिथि में Mobile App/Web application का "पायलट टेस्टिंग" संचालन आरम्भ कराने हेतु अपनी टीम को आवश्यक तैयारी पूर्ण कर रखने के निर्देश दिये जाने का अनुरोध है।

(3) श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(4) श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

(5) श्री मनोज सबरवाल, सहायक उपनिरीक्षक एवं सदस्य ई–अनुज्ञा टीम द्वारा सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति भोपाल।

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल